बीकेसी में चार ऑफिस स्पेस 601 करोड़ में बिके

Pankaj.Pandey@Timesgroup.com

■ **मुंबई:** उद्योगपतियों के लिए बीकेसी अब भी पहली पसंद बना हुआ है। बीकेसी की द कैपिटल बिल्डिंग में ऑफिस स्पेस खरीदने के लिए किनटीस्टो एलएलपी कंपनी ने 601 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। शेयर मार्केट के बिग बुल कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला कंपनी की प्रमुख हैं।

करीब 36 करोड़ रुपये की स्टैंप ड्यूटी भरी गई

प्रॉपस्टैक के अनुसार, झुनझुनवाला ने यह प्रॉपर्टी वाधवा ग्रुप से खरीदी है। एलएलपी कंपनी ने बिल्डिंग में 1401, 1402, 1802 और 1901 क्रमांक का ऑफिस स्पेस खरीदा है। यह प्रॉपर्टी 2454.69, 2803.15 और 6449.82 स्क्वायर मीटर की है। 601 करोड़ रुपये के ऑफिस स्पेस के साथ ही 124 गाड़ियों का पार्किंग स्पेस भी लिया गया है। इस डील के लिए करीब 36 करोड़ रुपये की स्टैंप ड्यूटी भरी गई है। द कैपिटल बिल्डिंग जिओ ओल्ड बिल्डिंग के करीब है।

स्पेस वर्ग मीटर में	कीमत	पार्किंग
2454.69	124 करोड़ रुपये	21
2803.15	145 करोड़ रुपये	28
6449.82	332 करोड़ रुपये	75

NBT Lens

समझिए खबरों के अंदर की बात

ये हैं बीकेसी का महत्व बढ़ने की वजहें

भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है। देश का हर बड़ा उद्योगपति मुंबई में अपना ऑफिस खोलना चाहता है। विशेषकर वित्तीय संस्थानों की पहली पसंद मुंबई है। वहीं कई देशी और विदेशी बैंकों के मुख्यालय बीकेसी में हैं। बीकेसी का निर्माण बेहतर प्लानिंग के साथ हुआ है। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और बांद्रा-वर्ली सी लिंक के करीब होने से लोग आसानी से उपनगर के साथ ही शहर तक पहुंच सकते हैं। बीकेसी का स्टेट सिंबल होने के साथ ही कई सरकारी कार्यालय और मॉल के बन जाने के कारण परिसर में कॉर्पोरेट कंपनियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। परिसर में मेट्रो और बुलेट ट्रेन का स्टेशन भी तैयार हो रहा है। इन प्रॉजेक्ट्स के पूरा हो जाने से अलग-अलग इलाकों में पहुंचना आसान होगा।